संक्षिप्त

शाहियान हुसैन ने जीता गोल्ड मेडल

टोंक। राष्ट्रीय स्तर चल रहे डॉक्टर कलाम जूनियर साइंटिस्ट एग्जाम 2024 में शाहियान चार चरणों में होने वाले के एग्जाम में शाहियान हुसैन ने चारों लेवल पार कर गोल्ड मेडल जीता। इकरा एकेडमी के संस्थान प्रधान मोहम्मद शकील इंजीनियर ने बताया कि उनके पैटर्न पर छात्रों को तैयारी के लिए ऐसी प्रतियोगी परीक्षाओं का आयोजन करवाया जाता है। इस परीक्षा के दो चरण ऑनलाइन होते हे तीसरा चरण टेलीफोन पर होता है तथा चौथे चरण में इंटरव्यू ओर लिखित परीक्षा ली जाती है, ऑनलाइन परीक्षा कराने का मकसद देश भर के ज्यादा से ज्यादा छात्रो को आसानी से परीक्षा में भाग ले सके है। प्रोत्साहन प्रमाण पत्र और गोल्ड मेडल का कार्यक्रम 28 जनवरी को शाहीन एकेडमी बीदर कर्नाटक में रखा गया, इकरा एकेडमी का मुख्याल अकोला महाराष्ट्र में है, इस परीक्षा में हर साल 25 प्रतिभावान छात्रों मेरिट के आधार पर गोल्ड मेडल दिया जाता है।

पर्यावरण संरक्षण व हरित विद्यालय पर हुई गतिविधि

श्रीमाधोपुर। पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय श्रीमाधोपुर में हरित विद्यालय व पर्यावरण संरक्षण पर कृषि विशेषज्ञ वार्ताकार भागीरथमल सबल (सेवानिवृत)उपनिदेशक कृषि विभाग के मुख्य आतिथ्य में हुआ कार्यक्रम की की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना एवं आए हुए मेहमानों का स्वागत करते हुए किया गया। इसके अंतर्गत हरित विद्यालय कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण जल संरक्षण वृक्षारोपण तथा पर्यावरण संरक्षण की बारे मेंअतिथि महोदय ने विस्तृत जानकारी देकर बच्चों को मार्गदर्शन प्रदान किया जिससे बच्चों में पर्यावरण के प्रति लगाव तथा प्रत्येक बच्चे को पांच .पांच पेड़ लगाकर जीवन में पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया प्रधानाचार्य राजेश कुमार अंकुर ने बच्चो को पर्यावरण संरक्षण एवं समाज को प्लास्टिक मुक्त रखने की सलाह दी ।इस अवसर सभी कार्मिक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

न्यायाधिपति को मां शाकंभरी की तस्वीर भेंट

सांभरझील, (निसं)। हाई कोर्ट के न्यायाधिपति अवनीश कुमार को सांभर आने पर अभिभाषक समिति की तरफ से उनका अभिनंदन किया गया। मां शाकंभरी की तस्वीर भेंट की गई। इससे पहले न्यायाधिपति ने न्यायालय परिसर में झंडारोहण कार्यक्रम में भाग लिया। इस मौके पर उन्होंने वकीलों से भी शिष्टाचार मुलाकात कर उनसे चर्चा की। इस दौरान सांभर कोर्ट के न्यायाधीश नीरज भामू, जयश्री लामोरिया, बार एसोसिएशन सांभर अध्यक्ष सुरेश कुमार शर्मा, बार सचिव रतन लाल चौधरी, ललित शर्मा, मुकेश अजमेरा, शमीमुल हक, लोकेश शर्मा ,भीमाराम कुमावत, अत्ताउल्लाह खान, रामस्वरूप, गोपीचंद कुमावत ,दिलीप प्रजापत, दिव्य राजवीर गुर्जर, सुरेश बराड़, अनिल टेलर व अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे।

विधायक हंसराज पटेल को सौंपा ज्ञापन

कोटपूतली। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम रघुनाथपुरा के ग्रामीणों ने सरपंच रामस्वरूप कसाना के नेतृत्व में मंगलवार को विधायक हंसराज पटेल को ज्ञापन सौंपकर ग्राम रघुनाथपुरा को ग्राम पंचायत बनवाने की मांग की। ज्ञापन में बताया कि राज्य सरकार द्वारा पंचायतों का पुनर्गठन किया जा रहा है।

'बेहतर शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध करायें'

कोटपूतली। जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने मंगलवार को जिले में प्रगतिरत विभिन्न विकास कार्यों, शिक्षण संस्थानों व चिकित्सा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। उन्होंने विकास कार्य गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण करने व आमजन को बेहतर सुविधायें उपलब्ध कराने के लिये प्राथमिकता से कार्य करने को कहा।

जनता क्लीनिक में देखी स्वास्थ्य व्यवस्थायें- जिला कलक्टर ने गोपालपुरा रोड़ स्थित जनता क्लीनिक का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता, नि:शुल्क दवा योजना, नि:शुल्क जांच योजना, मौसमी बीमारियों की रोकथाम हेतु कार्य योजना, साफ-सफाई, कार्मिकों की उपस्थिति, विभाग से जुड़ी अन्य महत्वपूर्ण सेवाओं का जायजा लिया। उन्होंने साफ सफाई का जायजा लेते हुये नियमित सफाई एवं मौसमी बीमारियों को फैलने से रोकने के उपायों को अपनाने के निर्देश दिये। उन्होंने दवा भंडार का जायजा लेकर पर्याप्त दवा भंडार सुनिश्चित करने, क्लीनिक भवन पर नेम बोर्ड लगवाने व मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने सहित राज्य सरकार की स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं के बारे में आमजन को लाभान्वित व जागरूक करने के निर्देश दिये।

उन्होंने क्लीनिक में आये मरीजों एवं उनके परिजनों से संवाद कर फीडबैक प्राप्त किया एवं सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक सुधार के निर्देश दिये। आंगनबाड़ी व प्राथमिक विद्यालय में जांचा शिक्षा का स्तर - जिला कलक्टर ने आंगनबाड़ी उपली कोठी एवं राजकीय प्राथमिक विद्यालय कांवरनगर का निरीक्षण कर शिक्षण व्यवस्था के स्तर को जांचा एवं आवश्यक निर्देश प्रदान किये।

जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने शिक्षण संस्थानों व चिकित्सा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया।

वार्षिक उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

मनोहरपुर। भीखावाला स्थित राजकीय प्रवेशिका संस्कृत विद्यालय में शनिवार को वार्षिक उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित हुआ।

समारोह के मुख्य अतिथि मोहनलाल कुड़ी ने संबोधित करते हुए कहा कि, विद्यालय के सर्वांगीण विकास में विद्यालय के पुरातन छात्रों को जोड़कर विकास के नए आयाम स्थापित किये जा सकते हैं।जिसके लिए विद्यालय को सदैव तत्पर रहना चाहिए।

समारोह की अध्यक्षता टोडी ग्राम पंचायत के सरपंच ओमप्रकाश जाट ने की। सरपंच के द्वारा स्थानीय विद्यालय में बजट अनुसार साइकिल स्टैंड बनवाने की घोषणा की। समारोह के विशिष्ट अतिथि राजेश शर्मा थे। शर्मा की ओर से प्रतिभावान विद्यार्थियों को दुपट्टा भेंट कर सम्मानित किया।

प्रधानाध्यापक गजानंद त्रिवेदी ने विद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए विद्यालय में छत एवं बरामदा निर्माण हेतु तथा विद्यालय में विज्ञान एवं हिंदी विषय के पद आवंटित करने की मांग की ।

इसके अतिरिक्त भामाशाह वैज्ञानिक डॉ जयपाल द्वारा सरस्वती मंदिर एवं एडवोकेट मोहनलाल कुड़ी द्वारा भव्य मुख्य द्वार निर्माण करवाने एवं अन्य भामाशाहों की ओर से विद्यालय में किए गए कार्यों के लिए विद्यालय परिवार की ओर से प्रशंसा की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एडवोकेट मोहनलाल कुड़ी की ओर से विद्यार्थियों को पारितोषिक वितरण हेतु 11000 की नगद राशि भेंट की गई। एवं विद्यालय के प्राचीनतम कक्षा कक्षों को विकसित करने के लिए गोद लिया। इस कार्य की योजना निर्माण के लिए लिए संस्कृत अध्यापक ग्यारसीलाल यादव को अधिकृत किया गया। इसके अतिरिक्त भामाशाह कुड़ी की ओर से पूर्व में प्रदत्त पांच कंप्यूटर सेट को कंप्यूटर लैब में स्थापित कर उद्घाटन किया गया। विशिष्ट अतिथि पेंशनर समाज के अध्यक्ष रामावतार हल्कारा की ओर से एक मोबाइल माइक सेट विद्यालय को भेंट करने की घोषणा की जिसके लिए मौके पर 2000 अग्रिम राशि संस्था प्रधान को भेंट की । राज्य स्तर पर संस्कृत वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त पूनम गुर्जर संभाग स्तर पर कुश्ती में विजेता अनिल गुर्जर, सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर प्रीति कंवर, खुशी यादव, विद्यालय में सर्वाधिक उपस्थित रहने के लिए वंशिका शर्मा एवं पूनम गुर्जर सहित अनेक प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर टोडी विद्यालय के प्रधानाचार्य मदनलाल रैगर, वार्ड पंच श्री राम गुर्जर, चंद्रभान जाट, गणपत लाल शर्मा, एसएमसी की पूर्व अध्यक्ष मोहनलाल शर्मा , बोदूराम, सीताराम डूडी, गोपी राम , रामपाल गुर्जर, कन्हैयालाल पारीक वरिष्ठ अध्यापक रामचंद्र प्रधानाध्यापक दूलचंद मीणा, प्रधानाध्यापक डॉ राघवेंद्र त्रिवेदी विनोद बंगाली बलदेव कुमार जाट, मनोहर शर्मा रामनिवास, मंजू कुमारी खटीक, कविता यादव, किरण यादव ,सीताराम यादव अशोक कुमार सहित अनेक लोग मौजूद रहे ।

गौरव पथ क्षतिग्रस्त, अधिशाषी अभियन्ता को सौंपा ज्ञापन

फुलेरा। फुलेरा की जोबनेर रोड़ पर बना हुआ गौरव पथ पूरी तरह से क्षितग्रस्त हो गया है। इस ओर प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों का तनिक भी ध्यान नही जा रहा है। जबकि वह प्रतिदिन यहां से होकर गुजरते है।

वहीं स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता एवं शिक्षाविद् शक्ति सिंह ने इस पर गौर फरमाते हुए सार्वजनिक निर्माण विभाग, जिला - खण्ड, फुलेरा के अधिशाषी अभियन्ता को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि कस्बे के एक मात्र गौरव पथ पी.डब्लू.डी. कार्यालय से पेट्रोल पम्प तक की जोबनेर रोड़ पूरी तरह से क्षितग्रस्त हो रही है। इसमें जगह-जगह बड़े बड़े गड्ढे हो रहे है।

इसके चलते वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दुर्घटनाओं का अन्देशा बना रहता है। इतना ही नही रोड़ पर कंकर ही कंकर निकल कर पूरी रोड पर ही फैल रहे है, जो कि तेज गति से चलने वाले वाहनों के टायरों से उक्त कंकर उछल-उछल कर राहगीरों को चोटिल कर रहे है।

वहीं ज्ञापन में आगे बताया कि सांभरलेक में चल रहे फेस्टिवल में आने वाले वी.आई.पी. मूवमेंट को देखते हुए सड़क के उन गड्ढे में मिट्टी भरवा दी गई है। परन्तु वहां से वाहनों की आवाजाही के कारण मिट्टी उड़ उड़कर धूल का गुब्बार बन जाता है।

गौरतलब है कि उक्त गौरव पथ पर ही फुलेरा का उपजिला अस्पताल स्थित है। जिसमें दिनभर मरीजों की आवाजाही बनी रहती है। जिसमें कई मरीज तो अस्थमा व एलर्जी के होते है। उन मरीजों को तो काफी परेशानियों का करना पड़ रहा है।

इसके साथ ही इस रोड़ के पास बने मकानों में निवास करने वाले सभी लोग परेशान हो रहे है। इसके अलावा वहीं मेडिकल स्टोर, डायग्नोस्टिक सेन्टरों पर धूल की परते जम जाती है।

कार्यकारणी का गठन

निवाई। अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण बालिका छात्रावास में छात्रावास समिति के अध्यक्ष सियाराम भुंगा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। कार्यक्रम का शमभारंभ मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महामंत्री सीताराम सरसिण्या, राष्ट्रीय महामंत्री सीताराम शर्मा व जिला अध्यक्ष बद्रीलाल, तहसील अध्यक्ष गोपीलाल शर्मा, नवनिर्वाचित अध्यक्ष सियाराम भुंगा ने मां सरस्वती की पूजा-अर्चना करके झंडारोहण के साथ किया। बैठक में अध्यक्ष सियाराम भुंगा ने सर्वसम्मति से नवीन कार्यकारिणी का गठन किया।

जिसमें उपाध्यक्ष सीताराम बैद भांवता, कोषाध्यक्ष सुरेश चौरसिया सूरज का खेड़ा, सचिव कैलाश हरसौरा संग्रामपुरा, सदस्य दीनदयाल लावण्या, शंभू चौधरी चैनपुरा, दशरथ सारनिया महाराजपुरा, संजय राजौरा बिडोली, रमेश बोहरा हनोतिया, शंभू बापलावत टोंक, विष्णु बैद जयसिंहपुरा एवं संरक्षक के पद पर निवर्तमान अध्यक्ष बृजमोहन सरसिण्या, कार्यकारी अध्यक्ष बिरधीचंद खेड़ा शुकुलपुरा को नियुक्त किया है।

'कृषि क्षेत्र में हो रहे नवाचारों में कृषि वैज्ञानिकों का विशेष योगदान'

अलवर। पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विज्ञान केंद्र नौगावा में आदान विक्रेताओं के एक वर्षीय डिप्लोमा इन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन सर्विसेज फॉर इनपुट डीलर्स के दीक्षांत समारोह व नए बैच के शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

कार्यक्रम में संबोधित करते हुए मंत्री शर्मा ने प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि देश के अन्नदाता को मजबूती प्रदान करना केंद्र व राज्य सरकार की प्राथमिकता है और इसी प्रतिबद्धता को साकार करते हुए कृषकों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ निरन्तर प्रदान किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण केंद्र में जिन प्रशिक्षार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया है इसका निश्चित रूप से किसानों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि आदान विक्रेताओं का भारत को खाद्यान्न में अग्रणी बनाने में महत्वपूर्ण योगदान है एवं आदान विक्रेता पर्यावरण को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है।

मंत्री शर्मा ने कहा कि हमारे कृषि वैज्ञानिकों के द्वारा कृषि के क्षेत्र में किए गए प्रयोगों का ही परिणाम है कि वर्तमान समय में भारत खाद्यान का निर्यात अन्य देशों को भी कर रहा है। उन्होंने कहा कि यहां आकर देखा कि अनुसंधान केंद्र द्वारा मुर्गीपालन, बकरी पालन, उन्नत देशी नसल की गायों का लालन-पालन जिस प्रकार से किया जा रहा है, यह भी एक सराहनीय कदम है।

उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किसान सम्मान निधि के माध्मय से प्रदेश के किसानों के खातों में एक वर्ष में तीन किश्तों के माध्यम से 6 हजार रूपये देकर आर्थिक रूप से संबल प्रदान किया तथा इसमें वृद्धि करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 2 हजार रूपये बढाकर किसानों के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा पीएम मृदा स्वास्थ्य कार्ड जैसी योजनाओं से कृषकों की उपज बढाने का कार्य किया जा रहा है, इसके अतिरिक्त आधुनिक खेती व जल संरक्षण को बढावा देने के लिए उठाए गए कदमों के लिए प्रधानमंत्री मोदी को साधुवाद दिया।

कृषि विज्ञान केंद्र के अध्यक्ष डॉ सुभाष चंद्र यादव ने पाठ्यक्रम की महत्ता बताते हुए कृषि के क्षेत्र में आदान विक्रेताओं के योगदान में बारे में बताया। उन्होंने आदान विक्रेताओं से आग्रह किया की आप सभी किसान भाइयों के सीधे संपर्क में है इसलिए आप इस पाठ्यक्रम को पूर्ण करने के उपरांत विभिन्न रसायनों के उचित उपयोग हेतु जानकारी देने में सक्षम रहेंगे साथ ही नए बैच के प्रतिभागियों को बताया की ये डिप्लोमा कोर्स आपके लिए उपयोगी साबित होगा। कृषि महाविद्यालय नौगांवा की अधिष्ठाता डॉ. सुमन खंडेलवाल ने सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया एवं सभी को डिप्लोमा कोर्स के लिए शुभकामनाएं दी। मंत्री ने किया पौधारोपण

उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र नौगांवा के परिसर में प्रतिदिन पौधारोपण के संकल्प के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रकृति हमें शुद्ध हवा व शुद्ध वातावरण देने का काम करती है, इसलिए हमारा भी प्रकृति के प्रति कर्तव्य बनता है कि इसका संरक्षण करें।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

नाम परिवर्तन

दीपध्यान गुर्जर पुत्र श्री सियाराम गुर्जर आयु 32 साल जाति गुर्जर नि. चांदनगांव तह. श्रीमहावीरजी जिला करौली राजस्थान शपथपूर्वक बयान करता हूं कि लक्ष्य गुर्जर (LAKSH GURJAR) मेरा सगा पुत्र है जिसकी जन्म दिनांक 15.06.2016 है। यह कि मेरे पुत्र के स्कूल प्रवेश के समय मेरे पुत्र का नाम गलती से LAXMI NARAYAN व पिता का नाम DEEPDHYAN GURJAR एवं मेरे पुत्र की जन्म दिनांक 12.07.2014 दर्ज करवा दी थी जो गलत है। यह कि मेरे पुत्र का सही नाम LAKSH GURJAR पिता का सही नाम DIPADHYAN GURJAR एवं मेरे पुत्र की सही जन्म दिनांक 15.06.2016 है जो सही है।

कार्यालय उपायुक्त (मुरलीपुरा जोन) नगर निगम ग्रेटर, जयपुर
(मुरलीपुरा सब्जीमण्डी के पीछे, सामुदायिक केन्द्र मुरलीपुरा स्कीम, जयपुर)
क्रमांक मु.जो./ननिज/2024/4028 दिनांक : 28.01.2025
सार्वजनिक सूचना

भूखण्ड सं. 71, सीता विहार (श्री जनता गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड) जयपुर का जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा श्रीमती उर्मिला देवी पत्नी श्री राजवीर सिंह को क्षेत्रफल 272.22 वर्गगज भूमि का पट्टा विलेख जारी किया गया था। प्रकरण में आवेदक श्री राजेश सिंह पुत्र श्री शम्भू सिंह द्वारा शपथ पत्र (अण्डरटेकिंग), पंजीकृत पट्टा मय साइट प्लान की फोटो प्रति, रजि. विक्रय पत्र एवं अन्य चैन दस्तावेजों के आधार पर उक्त भूखण्ड का स्वयं के नाम से उपविभाजन/नाम हस्तांतरण चाहा गया है। आवेदक द्वारा उपलब्ध कराये गये दस्तावेजों के आधार पर उक्त भूखण्ड श्री राजेश सिंह पुत्र श्री शम्भू सिंह के पक्ष में कुल क्षेत्रफल 136.11 वर्गगज का उपविभाजन/नाम हस्तांतरण जारी किया जाना है। उक्त भूखण्ड के उपविभाजन/नाम हस्तांतरण बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें, अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद विधिवत नियमानुसार उपविभाजन/नाम हस्तांतरण की कार्यवाही सम्पादित कर ली जावेगी। उपायुक्त, मुरलीपुरा जोन, नगर निगम ग्रेटर, जयपुर

नगर निगम जयपुर हैरिटेज
पुराना पुलिस मुख्यालय, हवामहल के पीछे, बड़ी चौपड़ जयपुर
क्रमांक एफ13()उप. लैण्ड(सा.प्र.)/नगिज/2025/2335 दिनांक16.01.2025
सार्वजनिक सूचना

मूल भूखण्ड सं. ए-220, बस्सी सीतारामपुरा, जयपुर का पट्टा श्री तिलकराज मल्होत्रा को दिनांक 17.05.1980 को 388.88 व.ग. का पट्टा जारी किया गया था। उनके पुत्र श्री यशपाल मल्होत्रा द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर भू.सं. ए-220 का नाम हस्तानान्तरण हेतु आवेदन पेश किया गया है। इस बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी की किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय (उपायुक्त लैण्ड शाखा) में प्रस्तुत करें, अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद, नियमानुसार नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने की कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।
उपायुक्त (लैण्ड), नगर निगम जयपुर हैरिटेज

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
www.jda.urban.rajasthan.gov.in
क्रमांक-जविप्रा/उपा/जोन-6/2024/डी-2917
सार्वजनिक सूचना दिनांक-06.12.2024

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री केशव देव पुत्र श्री मुन्ना लाल द्वारा सोसायटी द्वारा जारी आवंटन पत्र, रसीद, साईट प्लान एवं अन्य दस्तावेज के आधार पर दी जयपुर वालमिकी गृ.नि.स. समिति की योजना दधिची नगर के आवासीय भूाण्ड संख्या 86&87 (NEW)/A6& amp:A6B(OLD) क्षेत्रफल 170.00 व.ग. का फ्री होल्ड लीजडीड जारी करने हेतु आवेदन किया है। उक्त भूाण्ड सोसायटी द्वारा जारी आवंटन पत्र में अध्यक्ष के हस्ताक्षर भिन्नता होने के संबंध में विज्ञप्ति का प्रकाशन करवाया जाना है। अतः इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/कम्पनी/सह खातेदार व अन्य किसी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा भूखण्ड संख्या 86&87 (NEW)/A6& amp:A6B(OLD) क्षेत्रफल 170.00 व.ग. का श्री मुन्ना लाल पुत्र श्री मांगीलाल के पक्ष में जारी करने की नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। मयाद पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।
उपायुक्त जोन-6, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
www.jda.urban.rajasthan.gov.in
क्रमांक-जविप्रा/उपा/जोन-6/2024/डी-2916
सार्वजनिक सूचना दिनांक-06.12.2024

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मुन्ना लाल पुत्र श्री मांगीलाल द्वारा सोसायटी द्वारा जारी आवंटन पत्र, रसीद, साईट प्लान एवं अन्य दस्तावेज के आधार पर दी जयपुर वालमिकी गृ.नि.स. समिति की योजना दधिची नगर के आवासीय भूखण्ड संख्या 86&87 (NEW)/A6B amp:A6B(OLD) क्षेत्रफल 170.00 व.ग. का फ्री होल्ड लीजडीड जारी करने हेतु आवेदन किया है। उक्त भूखण्ड सोसायटी द्वारा जारी आवंटन पत्र में अध्यक्ष के हस्ताक्षर भिन्नता होने के संबंध में विज्ञप्ति का प्रकाशन करवाया जाना है। अत इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/कम्पनी/सह खातेदार व अन्य किसी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा भूखण्ड संख्या 86&87 (NEW)/A6B amp:A6B(OLD) क्षेत्रफल 170.00 व.ग. का श्री मुन्ना लाल पुत्र श्री मांगीलाल के पक्ष में जारी करने की नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। मयाद पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।
ऊपायुक्त जोन-6, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम अनिल कुमार शर्मा पुत्र श्री मूलचंद शर्मा से बदलकर अनिल शर्मा पुत्र श्री मूलचंद शर्मा रख लिया है। भविष्य में मुझे अनिल शर्मा के नाम से जाना जावे। पता- फ्लैट नं.1104, एस.डी.सी डेस्टिनेशन, लालरपुरा, गांधीपथ वेस्ट, वैशाली नगर, जयपुर

मैं रूकमणी विजय पत्नी श्री हरिशंकर विजय निवासी- 68ए, देवी नगर, न्यू सांगानेर रोड़, श्याम नगर, जयपुर ने भविष्य के लिए अपना नाम रूकमणी विजय से बदलकर रूकमणी देवी विजय कर लिया है।

खोया पाया

मैं मनभरी देवी निवासी 54 पटेल नगर, महेश नगर जयपुर सूचित करती हुँ कि मेरे नाम के 13 असल सिरोही गृह निर्माण समिति के काँलोनी राधा कृष्णा विहार ग्राम रोजदा तहसील आमेर जिला जयपुर के प्लॉट न. 83,84,85,86,87,88,89,90,91, 92 93,94,95 कुल 13 मूल पट्टे, साइड प्लान नक्शा, रसीदे व बैंक की रसीदे कही गुम हो गयी है। मिले तो सम्पर्क करे। मोबाइल. - 9950788344

मेरे मकान सं. 100/173, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर के मूल दस्तावेज जैसे (आवंटन पत्र, कब्जा पत्र, अदेय प्रमाण पत्र व जमा रसीदें आदि कहीं गुम हो गये है। मिलने पर सम्पर्क करें। राजेश कुमार- मो.9549871234

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 13/2025
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री महेश चन्द सैनी पुत्र श्री बाबूलाल सैनी निवासी टापरी रोड, मोहल्ला सराय, तहसील व जिला कोटपूतली-बहरोड ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत सेवा भारतीय समिति, कोटपूतली वसन्त प्रभु आदर्श विद्या मंदिर मोहल्ला सराय वार्ड नम्बर 23, तहसील व जिला कोटपूतली-बहरोड के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 27.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 04.04.2025
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (द्वितीय)
देवस्थान विभाग जयपुर

उत्तर पश्चिम रेलवे
खुली निविदा

उप मुख्य सिगनल एवं दूर संचार इंजीनियर/परियोजना/जयपुर भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से खुली निविदा सं. एस एण्ड टी-प्रोजेक्ट-जेपी 2024-25-12 जिसकी बंद होने की तिथि 19.02.2025 समय 15:00 बजे तक का ऑनलाईन ई-टेण्डर आंमत्रित किया जाता है। कोई भी मैन्युअल टेण्डर संबंध में स्वीकार नहीं किया जायेगा और अगर कोई मैन्युअल टेण्डर प्राप्त होता है उसको देखा नहीं जायेगा। **1. कार्य का नाम एवं लोकेशनः** उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल में लूनी - जाजीवाल, नावासिटी-फुलेरा जयपुर मंडल में रेवाड़ी-बावल, बीकानेर मंडल में मनहेरू-रेवाड़ी सेक्शन में ऑटोमेटिक सिग्नलिंग और रेवाड़ी यार्ड में इलेक्ट्रॉनिक इन्टरलॉकिंग का इंडोर और आउटडोर कार्य करने का प्रावधान के लिए पी एम एस सर्विस की आर एफ पी। **2. अनुमानित लागतः** रूपये 59784229.57/-; **3. धरोहर राशिः** रूपये 448900/-;**4. टेण्डर जमा करने की अंतिम तारीखः** 19.02.2025 सांयः 15:00 बजे। **5. वेब साईट का विवरण और नोटिस बोर्ड की लोकेशनः** www.ireps.gov.in or उप मुख्य सिग्नल एवं दूर संचार इंजीनियर/परियोजना/जयपुर ऑफिस 119-AN/25
हमें /NWRailways पर फॉलो करें

उत्तर पश्चिम रेलवे
यांत्रिक कार्य के लिए ई-निविदा वर्ष 2024-25

NIT No.: 37/2024-25 - CWJU **1. कार्य का नाम स्थान अवधिः** Provision for reclamation, repair, painting & fitment of FRP Nose Coupler Cover and FRP side walls of Vande Bharat Train, 2 years; **2. कार्य की अनुमानित लागतः** Rs. 25,71,998/-; **3. बयाना राशि जो कि जमा करनी हैः** Rs. 51,400/-; **4. टेण्डर प्रस्तुत करने एवं टेण्डर खुलने का समय व दिनांक :**15.00 **बजे दिनांक 10.02.2025 तक** through E-tendering online submission on IREPS, उसी दिन तत्पश्चात खोली जायेगी।. **NIT No.:** 41/2024-25 - CWJU **1. कार्य का नाम स्थान अवधिः** Supply, Installation and commissioning of Customized designed Furniture & Data Management System at Coaching depot Jaiselmer, 12 months ; **2. कार्य की अनुमानित लागतः** Rs 48,70,535/-; **3. बयाना राशि जो कि जमा करनी हैः** Rs. 97400/-; **4. टेण्डर प्रस्तुत करने एवं टेण्डर खुलने का समय व दिनांकः** 15.00 **बजे दिनांक 10.02.2025 तक** through E-tendering online submission on IREPS, उसी दिन तत्पश्चात खोली जायेगी। वेबसाईट विवरण एवं सूचना पट्ट का स्थान जहां से टेण्डर की पूर्ण जानकारी देखी जा सके **http://www.ireps.gov.in;** केवल सूचना पट्ट पर; **Note:** The offer can only be accepted. through E-Tendering on the website of **https://www.ireps.gov.in/** Offer In any other form will not be accepted. The tenderer/bidders must have Class-III Digital Signature Certificate & must be register on IREPS portal. Only registered tenderer/bidders can Participate on e-Tendering. All relevant paper must be uploaded at the time of participating in e-Tendering 113-AN/25
हमें /NWRailways पर फॉलो करें

CAVEAT
(Under Rule 159 (3) of the Rajasthan High Court Rules, 1952 read with Section 148 A of Civil Procedure Code, 1908)
IN THE HIGH COURT OF JUDICATURE FOR RAJASTHAN AT JAIPUR
Writ Jurisdiction Caveat No._of 2025 General Caveat In the matter of a Writ Petition is expected to be instituted, by respondent namely Parties- General Public/Anyone Petitioner(s) **VERSUS**
Lalita Kumari W/o Sh. Baldev Singh R/o Sop, Tehsil Nadoti, District karauli, Rajasthan-322204
Respondents(s)
To, The Registrar of Rajasthan High Court Bench at Jaipur
Let no order be passed without hearing or in the absence of humble respondents in a writ petition expected to be filed by the petitioner in relation to NOC (NOC) issued by Office of Executive Engineer, Public Works Department, Khand Todabhim, dated 05/12/2024 and NOC issued by the Office of District Collector & District Magistrate, Gangapur City, dated 20/12/2024 for setting up of New Retail Outlet: Class A (MS) & Class B (HSD), [HPCL] petrol pump, Khasra No. 4388/4379 (Old Khasra 4379/4374) (Oldest 4374/3745), Village: Sop, Tehsil: Nandoti, District: Gangapur City, Rajasthan, made in the above matter without notice to the undersigned.
Name & address of the Caveator
Lalita Kumari W/o Sh. Baldev Singh R/o Sop, Tehsil Nadoti, District karauli, Rajasthan-322204
M. 8058884410
Dated- 29/01/2025
THROUGH COUNSEL
Hemant Taylor
Advocate
R/1365/2012;